**ग्रामीण कृषि मौसम सेवा**
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

# मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

**दिनांक : 29-03-2022**

**उधम सिंह नगर(उत्तराखंड ) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-03-29 ( अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)**

| मौसम कारक | 2022-03-30 | 2022-03-31 | 2022-04-01 | 2022-04-02 | 2022-04-03 |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्षा (मिमी) | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 |
| अधिकतम तापमान(से.) | 36.0 | 36.0 | 37.0 | 36.0 | 37.0 |
| न्यूनतम तापमान(से.) | 15.0 | 15.0 | 15.0 | 16.0 | 16.0 |
| अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 70 | 70 | 75 | 75 | 75 |
| न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%) | 30 | 35 | 35 | 35 | 40 |
| हवा की गति (किमी प्रति घंटा) | 8.0 | 8.0 | 10.0 | 8.0 | 8.0 |
| पवन दिशा (डिग्री) | 310 | 120 | 120 | 130 | 140 |
| क्लाउड कवर (ओक्टा) | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |

## मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों ( 22 – 28 मार्च , 2022) में 0.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहा। अधिकतम तापमान 32.5 से 34.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 14.2 से 17.0 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 84 से 93 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 27 से 49 प्रतिशत एवं हवा 2.0 से 6.9 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः उत्तर व पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा से चली| आने वाले पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 36.0 से 37.0 व 15.0 से 16.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 8.0-10.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व, दक्षिण-पूर्व व उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 3 से 9 अप्रैल के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम तथा अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान हैं।

## सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| पुष्पन के समय बगीचो की जुताई न करें तथा आवश्यकतानुसार बागो की सिंचाई करे। गेहूँ व अन्य बीज हेतु बोई गई फसलों में फसल पकते समय अंतिम रोगिंग कर अवांछनीय पौधों जैसे अन्य प्रजातियों एवं दूसरे तरह की बालियों एवं खरपतवारों को खेत से निकालकर नष्ट कर दें। तथा खलिहान की पूरी तरह सफाई कर दें।

## लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, मौसम शुष्क रहेगा। पुष्पन के समय कोई भी कीटनाशी दवा का प्रयोग ना करे। क्योंकि

इससे परागण में भाग लेने वाली मक्खियो के मरने का खतरा होता हैं।

## फ़सल विशिष्ट सलाह:

| फ़सल | फ़सल विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| गेहूँ | फसल में आवश्यकतानुसार सिंचाई करें। गुल्ली डण्डा व जंगली जई आदि खरपतवारों को निकालकर नष्ट कर दें। गेहूँ की बालियों का रंग सुनहरा हो जाए तथा बालियों के दाने कड़े हो जाए तब फसल की कटाई करें। कटाई समय से करें अन्यथा बालियों के टूट कर गिरने तथा चिड़ियों एवं चूहों द्वारा नुकसान होता है। कटाई के उपरांत फसल को 3-4 दिनों तक धूप में सुखाकर थ्रैसर से मढ़ाई करें। गेहूँ की कटाई अगर कम्बाइन द्वारा की जानी हो तो दानों में नमी 20 प्रतिशत से अधिक न हो। अधिक नमी होने पर दाने बालियों में फसे रह जाते हैं। |
| जौ | जौ की बालियों का रंग सुनहरा हो जाए तथा बालियों के दाने कड़े हो जाए तब फसल की कटाई करें। कटाई समय से करें अन्यथा बालियों के टूट कर गिरने तथा चिड़ियों एवं चूहों द्वारा नुकसान होता है। कटाई के उपरांत फसल को 3-4 दिनों तक धूप में सुखाकर थ्रैसर से मढ़ाई करें। गेहूँ की कटाई अगर कम्बाइन द्वारा की जानी हो तो दानों में नमी 20 प्रतिशत से अधिक न हो। अधिक नमी होने पर दाने बालियों में फसे रह जाते हैं। |
| मूँग | मूंग की बुवाई करें। तराई क्षेत्र में मूंग की बुवाई मार्च के अंत तक पूर्ण कर लें। |
| चारा मक्की | चारे वाली फसलों -चरी, मक्का, बाजरा, मकचरी, लोबिया और ज्वार आदि की बुवाई पूर्ण करें। |
| फील्ड पी | मटर की जब 90 प्रतिशत फलियाँ पक कर भूरे रंग की हो जायें तब कटाई करें। फसल को सुखाकर ओसाई करें। बीज को सुखाकर भण्डारित करें। |

## बागवानी विशिष्ट सलाह:

| बागवानी | बागवानी विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| टमाटर | टमाटर व मिर्च की फसल मे रोपाई करने से पूर्व जड़ो को एमिडाक्लोप्रिड 1 ग्रा0 प्रति ली0 पानी की दर से घोल बनाकर 10-15 मिनट तक डुबाने के बाद रोपाई करे। टमाटर व मिर्च की फसल मे अगेती रोपी गई फसल में सिकुड़े हुए चित्तकबरे पत्ते दिखाई देने पर ग्रसित पौधो को निकालकर नष्ट करे। तथा रस चूसने वाले कीड़ो के नियत्रंण हेतु सर्वागीं कीटनाशी का छिड़काव करें। |
| सब्जी पीईए | मटर में पौधों की सूखने एवं निचली पत्तियां पीले पड़ने की अवस्था में कार्बेन्डाजिम 1.0 ग्राम प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर जड़ों की सिंचाई करें । |
| मिर्च | मिर्च की फसल मे रोपाई करने से पूर्व जड़ो को एमिडाक्लोप्रिड 1 ग्रा0 प्रति ली0 पानी की दर से घोल बनाकर 10-15 मिनट तक डुबाने के बाद रोपाई करे। अगेती रोपी गई मिर्च की फसल में सिकुड़े हुए चित्तकबरे पत्ते दिखाई देने पर ग्रसित पौधो को निकालकर नष्ट करे तथा रस चूसने वाले कीड़ो के नियत्रंण हेतु सर्वागीं कीटनाशी का छिड़काव करें। |
| आम | आम में गुम्बा (मालफॉरमेसन) होने की दशा में इसको तुरन्त कैची से काटकर निकालते हुए गढ्ढा खोदकर उसमे दवा दें। आम में फल अच्छादन होने के उपरान्त मैंगो हौपर के प्रकोप होने की स्थिति में इमिडाक्लोरपिड का 3 मि0ली0 /10लीटर के हिसाब से छिड़काव करें। |
| बैंगन | पूर्व में रोपी गई फसल में आवश्यकतानुसार निराई-गुड़ाई व सिंचाई करें। |
| पपीता | मैदानी क्षेत्रों में पीपीते के बाग में थालों की सफाई करें। फलों करे तोड़कर बाजार भेंजें। पौधशाला में बीजों की बुवाई करें। |

## पशुपालन विशिष्ट सलाह:

| पशुपालन | पशुपालन विशिष्ट सलाह |
|---|---|
| भेंस | गर्भवती पशुओ में प्यूरपरल बुखार को रोकने के लिए, प्रतिदिन 50-60 ग्राम खनिज मिश्रण को पशुओं की प्रतिरक्षा को बढ़ाने हेतु आहार के रूप में दें। इस समय पशुओं में बॉझपन और जोहन की बीमारी होने की अधिक संम्भावना है। इस स्थिति में पशुओ का तत्काल इलाज करवाए। भैंसों के बछड़े जिनकी उम्र 2 माह के आस-पास हो गई है, उनको कृमिनाशक दवा दें। |